भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2610**

**11 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत राशन कार्ड जारी करना**

**2610. श्री दिलेश वर कामैत:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2023-24 के दौरान वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत राज्य-वार कितने राशन कार्ड विशेषकर बिहार में, जारी किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार को इस योजना के अंतर्गत राशन कार्डधारकों के पंजीकरण के संबंध में विसंगति की जानकारी है; और

(ग) यदि हां, तो इसके समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) से (ग):** एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) एक पहल और सुविधा है जिसे देश के सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (बिहार राज्य सहित) में लागू किया गया है और यह सभी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाई) राशन कार्ड धारकों पर लागू है। यह कोई अलग योजना नहीं है। ओएनओआरसी सुविधा के साथ, सभी पीएमजीकेवाई लाभार्थी अपने मौजूदा राशन कार्ड का उपयोग करके देश में कहीं भी अपनी पसंद की किसी भी उचित दर दुकान (एफपीएस) से इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ़ सेल (ईपीओएस) डिवाइस पर बायोमेट्रिक प्रमाणन के माध्यम से अपने पात्रता के खाद्यान्न का उठान कर सकते हैं। घर पर निवास करने वाला परिवार भी उसी राशन कार्ड पर गृह राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में पीएमजीकेवाई खाद्यान्न के भाग का उठान कर सकता है। ओएनओआरसी सुविधा के लिए, पीएमजीकेवाई लाभार्थियों को किसी नए राशन कार्ड के लिए पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है।

*****